**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 31-10-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की दिलायी गयी शपथ।**

आज दिनांक 31.10.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एकता दिवस के रुप में मनायी गयी ।डीआईजी बस्ती द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर ससम्मान माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया तथा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलायी गयी। डीआईजी बस्ती द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जी के योगदान, देश की एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ करने में उनकी भूमिका तथा उनके अदम्य साहस व नेतृत्व क्षमता का स्मरण किया गया।

इस अवसर पर परिक्षेत्रीय कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारीगण एवं अन्य अधिकारी/कर्म0गण उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**